Reg No. 22/2002-03
NAAC Accredited 'B' Grade College
RAVINDRANATH TAGORE P.G. COLLEGE
(Recognized Under Section 2 (f) & 12 (B) of the UGC Act. 1956)
rntkapasan1@gmail.com www.rntgroup.edu.in
01476 - 230167,231726,230169, 9828058477

No. : RNTCK/ Date :

सादर प्रकाशनार्थ

आर.एन.टी. में मैराथन का आयोजन

कपासन 9 सितम्बर 2023 राजस्थान एड्स कंट्रोल सोसायटी जयपुर द्वारा आर. एन. टी. कॉलेज, कपासन की रेड रिबन क्लब एवं एनएसएस के तत्वावधान में एचआईवी/एड्स जागरूकता संदेश हेतु 5 किमी. मैराथन दौड का आयोजन किया गया। इस मेराथन को महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. एस.एन.ए. जाफरी, पूर्व जिला शिक्षाधिकारी शिवनारायण शर्मा, बी.एड. प्राचार्य डॉ. अनिल गोठवाल ने प्रतिभागियों का उत्सावर्धन एवं संदेश सुनाते हुए मैराथन को हरी झण्डी दिखाई।

आरआरसी प्रभारी डॉ. ओ. पी. सुखवाल ने बताया कि इस मेराथन का आयोजन राजस्थान एड्स कंट्रोल सोसायटी जयपुर के दिशा निर्देशानुसार किया गया। इस मेराथन का आयोजन 3 यूनिट में किया गया। आर.एन.टी. पीजी कॉलेज से महिला वर्ग में प्रथम स्थान पूजा कुमावत, द्वितीय भावना टांक एवं तृतीय उर्मिला तिवारी रही। पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान पवन माली, द्वितीय यशवंत जाट एवं तृतीय गोपाल शर्मा रहा। आर.एन.टी. बीएसटीसी से महिला वर्ग में प्रथम स्थान विमला, द्वितीय वर्षा एवं तृतीय रिंकू गुर्जर रही। पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान भागचन्द जाट, द्वितीय राहुल लखारा एवं तृतीय नारायण भील रहा। साथ ही आर.एन.टी. बी.एड. कॉलेज से महिला वर्ग में प्रथम स्थान लीला सुखवाल ने प्राप्त किया जबकि द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमशः अनुराधा शर्मा व तनुजा भट्ट रही। इसी प्रकार पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान विनोद कुमार ने प्राप्त किया, जबकि द्वितीय अखिलेश मीणा व तृतीय मोहित मीणा रहा। मेराथन के आयोजन में खेल अधीक्षक राकेश जीनगर, एनएसएस प्रभारी एच. एल. अहीर, विभागाध्यक्ष आर.आर. नागर, विशाल लाम्बा, अरविन्द राव, पिन्टू शर्मा, मनीष कुमावत, जयदेव, भवदेव, नईम शैख, शाहरूख खान आदि ने सहयोग प्रदान किया।

प्राचार्य